भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1349
दिनांक 14.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

जी–20 शिखर सम्मेलन पर व्यय

1349. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए संस्वीकृत, जारी और उपयोग किए गए बजट का वर्ष–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए विज्ञापन, विपणन, आतिथ्य, स्थायी परिसंपत्ति सृजन, अवसंरचना, मीडिया आदि पर किए गए व्यय का उप–शीर्ष–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए अन्य हितधारकों जैसे कारपोरेट सामाजिक दायित्व पहलों, राज्य सरकारों आदि द्वारा विज्ञापन, विपणन, आतिथ्य, स्थायी परिसंपत्ति सृजन, अवसंरचना, मीडिया आदि पर किए गए व्यय का राज्य–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (ग) भारत की जी20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए विदेश मंत्रालय को वित्त वर्ष 2022–23 में 320 करोड़ रुपये का बजट और वित्त वर्ष 2023–24 में 990 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया था। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान 46.68 करोड़ रुपये की धनराशि और वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 11 दिसंबर 2023 तक 369.51 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग किया गया है। व्यय से संबंधित बिल अभी भी प्राप्त हो रहे हैं और उन पर कार्रवाई की जा रही है।

यह व्यय, जिसके बजटीय आवंटन के अनुसार ही होने का अनुमान है, मुख्य रूप से नई दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन के आयोजन सहित देश में 60 स्थानों पर 200 से अधिक बैठकें आयोजित करने के लिए था। इस व्यय में कॉन्फ्रेंसिंग, स्थल शुल्क, जी–20 वेबसाइट का निर्माण और उसका प्रदर्शन, प्रशासनिक व्यय, ब्रांडिंग आदि शामिल हैं। नई दिल्ली में नेताओं के शिखर सम्मेलन सहित विभिन्न जी20 बैठकों पर अब तक किए गए अनुमानित व्यय का श्रेणीवार विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	व्यय शीर्ष	अनुमानित व्यय (करोड़ रुपये में)
1	कॉन्फ्रेंसिंग और बैठकों पर लागत	161.05
2	होटल/बैठक स्थल	118.00
3	स्थानीय परिवहन	49.02
4	ब्रांडिंग, प्रचार और मीडिया	32.50
5	आईटी/वेबसाइट/साइबर–सुरक्षा	10.31

6	दूरस्थ स्थानों के लिए विशेष उड़ानें	7.36
7	पेशेवर सेवाएं	7.00
8	स्थापना लागत	2.00
9	बौद्धिक विषयवस्तु भागीदारों को अनुदान	3.42
10	अन्य	25.53

अन्य हितधारकों आदि द्वारा किए गए व्यय का विवरण जी–20 सचिवालय के पास उपलब्ध नहीं है।

*****